दिनांक : 11.03.2025 समय : 02.10pm

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश

### प्रधानमंत्री–मॉरिशस आगमन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की यात्रा पर आज सुबह मॉरिशस पहुंचे। हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके साथ मॉरिशस के उप प्रधानमंत्री, मॉरिशस के मुख्य न्यायाधीश, नेशनल असेम्बली के अध्यक्ष, विपक्ष के नेता विदेश मंत्री, कैबिनेट सचिव, ग्रैंड पोर्ट जिला परिषद के अध्यक्ष और अन्य गणमान्य व्यक्ति प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उपस्थित थे।

सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के लिए मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम की उपस्थिति पर आभार प्रकट किया। श्री मोदी ने कहा कि यह यात्रा घनिष्ठ मित्र से मिलने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशने का शानदार अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे आज राष्ट्रपति धरम गोखूल और प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ बैठक करेंगे और एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### विधानसभा बजट सत्र

राज्य विधानसभा का बजट सत्र आज दूसरे दिन प्रारंभ हुआ। आज का प्रश्नकाल पहली बार के विधायक और महिला विधायकों के लिए निर्धारित था। एक घंटे के प्रश्नकाल में सबसे ज्यादा 10 प्रश्न आए और ज्यादातर के जवाब पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने दिए। आज के ही दिन वर्ष 2025 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण सदन पटल पर रखा गया। विधानसभा में कल राज्य सरकार बजट पेश करेगी। विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत कल राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से हुई।

### लोकसभा–कर्मी

केंद्र सरकार ने कहा है कि ई–श्रम पोर्टल पर 30 करोड़ 68 लाख से अधिक असंगठित कर्मी पंजीकृत हो चुके हैं। यह पोर्टल असंगठित कर्मियों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। लोकसभा में कल एक प्रश्न के लिखित उत्तर में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि इनमें 53 प्रतिशत से अधिक महिलाएँ हैं। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की 13 योजनाओं को ई–श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है।

### वेब्स–2025

वेब्स यानि विश्व ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट की। वेब्स के तहत एनिमेशन फिल्म निर्माता प्रतियोगिता के लिये पहल की गई है जिसका उद्देश्य एनिमेशन के क्षेत्र में भारत के कहानीकारों को सामने लाना और उन्हें सशक्त बनाना है। यह राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता फिल्म निर्माताओं को अपनी रचनात्मकता और नवाचार दिखाने के लिए आमंत्रित करती है। इससे उनको दर्शकों की समझ के अनुसार मूल एनिमेटेड फिल्में प्रस्तुत करने के लिए एक मंच मिलता है। एक ऐतिहासिक सहयोग में, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने विश्व ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट वेब्स भाग के रूप में इस प्रतियोगिता को शुरू करने के लिए एनिमेशन में अग्रणी डांसिंग आइटम्स के साथ मिलकर काम किया है। सम्मेलन 1–4 मई, 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित किया जाएगा। चार प्रमुख क्षेत्रों – प्रसारण और इन्फोटेनमेंट, एवीजीसी– एक्सआर, डिजिटल मीडिया और इनोवेशन, और फिल्म्स– पर ध्यान केंद्रित करते हुए, वेब्स भारत के मनोरंजन उद्योग के भविष्य को प्रदर्शित करने के लिए नेताओं, रचनाकारों और प्रौद्योगिकीविदों को एक साथ लाएगा।

## भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार

केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) द्वारा 'वास्तुकला के माध्यम से भारतीय विरासत' पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार के 135वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई।

## रेलवे संशोधन विधेयक

संसद ने रेलवे–संशोधन विधेयक 2024 पारित कर दिया है। विधेयक को कल राज्यसभा ने मंजूरी दी। विधेयक का उद्देश्य रेलवे अधिनियम 1989 में संशोधन कर रेलवे बोर्ड की शक्ति बढ़ाना और कार्यप्रणाली तथा स्वतंत्रता को बढ़ाना है। लोकसभा ने पिछले वर्ष ही इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कहा कि पिछले 11 वर्षों में 34 हजार नई पटरियां बिछाई गई हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि इस दौरान 45 हजार किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने रेलवे और यात्री सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी है। रेल मंत्री ने कहा कि मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है।

## यूनियन कार्बाईड

भोपाल के यूनियन कार्बाईड के कचरे को जलाने का तीसरा ट्रायल रन कल से पीथमपुर में शुरु हो गया है। मेसर्स पीथमपुर इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित इंसीनरेटर में कल शाम तृतीय चरण की फीडिंग प्रारम्भ की गई है जो लगातार 270 किलोग्राम प्रति घण्टे की दर से की जा रही है। अपशिष्ट के दहन के दौरान चिमनी से होने वाले उत्सर्जन की मॉनिटरिंग ऑनलाइन कंटीन्यूअस इमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम से की जा रही ळें

## महू स्थिति

इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर महू में रविवार रात चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद निकल रहे जुलूस पर पथराव के बाद बनी विवाद की स्थिति पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और यहां शांति बनी हुई है। कल दिनभर जिला प्रशासन और पुलिस की सख्ती से स्थिति नियंत्रण में है। डीआईजी इंदौर ग्रामीण निमिष अग्रवाल ने आकाशवाणी से चर्चा में कहा कि घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## समाचार संक्षेप में :–

- **भोपाल की मध्य विधानसभा से विधायक रहे सुरेंद्र नाथ सिंह का लंबी बीमारी के बाद देर रात निधन हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने निधन पर शोक व्यक्त किया है।**

- **नर्मदापुरम जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने कमॉडेंट कार्यालय नीमच द्वारा विभिन्न विकासखंडों में आज से सिक्युरिटी गार्ड और सुपरवाईजर के लिए रोजगार कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। शुरू हो गए हैं।**

- **प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई एवं नाबार्ड ने संयुक्त रूप से एक कार्यशाला ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) विदिशा में की।**

- **इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने तय समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण नहीं करने पर 9 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के खिलाफ 44 मामलों में प्रति प्रकरण 250 रूपए का अर्थदंड लगाया है।**

......................................